सत्यमेव जयते
Government of India

Media Scanning & Verification Cell

Media alert from the Media Scanning & Verification Cell, IDSP-NCDC.

Alert ID	Publication Date	Reporting Date	Place Name	News Source/Publication Language
5965	18.09.2020	18.09.2020	Bhiwani Haryana	www.bhaskar.com/Hindi https://www.bhaskar.com/local/haryana/hisar/bhiwani/news/viral-fever-spread-after-dengue-more-than-200-patients-suffering-from-fever-in-hospital-opd-127727629.html?_branch_match_id=808929994906534141&utm_campaign=127727629&utm_medium=sharing
Title:	**Viral Fever Spread after Dengue, More than 200 patients suffering from Fever in district Bhiwani, Haryana**			
Action By CSU, IDSP –NCDC	Information communicated to DSU-Bhiwani , SSU-Haryana			

जिले में कोरोना संक्रमण के साथ नागरिक डेंगू व वायरल फीवर से भी ग्रस्त हो रहे हैं। सिविल अस्पताल की ओपीडी में प्रतिदिन बुखार से ग्रस्त 200 से ज्यादा मरीज उपचार के लिए पहुंच रहे हैं। अस्पताल के 7 मेडिसिन वार्डों में भर्ती 21 मरीजों में से 17 बुखार से पीड़ित है। स्वास्थ्य विभाग के रिकार्ड के अनुसार अभी तक 14 डेंगू पेशेंट मिले हैं लेकिन प्राइवेट अस्पतालों में यह संख्या 50 से पार पहुंच चुकी है।

शहर व ग्रामीण क्षेत्रों में ऐसा कोई वार्ड व गांव शेष नहीं जहां बुखार से ग्रस्त मरीज न हो लेकिन शहरी क्षेत्र में डेंगू का प्रकोप अधिक फैल रहा हैं। विभाग के रिकार्ड में डेंगू मरीजों की संख्या भले ही 14 तक पहुंची हो लेकिन वास्तव में जिले में डेंगू के 50 से

Save Water- Save Life, Save a tree- Don't print unless it's really necessary!

अधिक मरीज है। प्राइवेट अस्पताल संचालक अपने स्तर पर मरीज में डेंगू का पता लगाते हैं और उनका उपचार करते है।

इस संबंध में वे मौखिक रूप से परिजनों को मरीज में डेंगू के लक्ष्ण होने के बारे में बताते हैं लेकिन सभी मरीजों के सैंपल जांच के लिए सिविल अस्पताल में नहीं भेजते। इसके बावजूद स्वास्थ्य विभाग लगातार सर्वे व एंटी लारवा अभियान चलाए हुए हैं और जिस घर में डेंगू का लारवा मिलता है उस मकान मालिक को नोटिस भी जारी किए जा रहे हैं। विभाग को पिछले लगभग डेढ़ महीने में लगभग 400 स्थानों पर डेंगू का लारवा मिल चुका है।

जानें कहां-कहां फैला है डेंगू

शहर के सेक्टर 13, डाबर कॉलोनी, बावड़ी गेट क्षेत्र, जीतुवाला जोहड़ क्षेत्र, दादरी गेट क्षेत्र, हनुमान गेट, नया बाजार, कीर्ति नगर, विद्यानगर, गांव सैय आदि क्षेत्रों में अभी तक कोरोना संक्रमित मरीज मिल चुके हैं। यहां एंटी लारवा अभियान के दौरान 300 से ज्यादा घरों में डेंगू का लारवा मिल चुका है। 15 दिन पहले तक जिले में डेंगू के 4 मरीज थे, लेकिन अब तक 14 मरीज मिल चुके हैं।

हर गांव और शहर में हैं बुखार के रोगी

वायरल फीवर जिले में लगभग हर गांव व शहर के वार्ड में फैला हुआ है। इसके चलते सरकारी व प्राइवेट अस्पतालों में बुखार से ग्रस्त मरीजों की संख्या बढ़ती जा रही है। सिविल अस्पताल की ओपीडी में प्रतिदिन बुखार से ग्रस्त 200 से ज्यादा मरीज पहुंच रहे हैं।

नोडल ऑफिसर एवं डिप्टी सिविल सर्जन डॉ. संध्या गुप्ता ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग लगातार डेंगू एंटी लारवा अभियान चलाए हुए हैं। विभाग की टीमों को अभी तक लगभग 400 स्थानों पर डेंगू का लारवा मिला है। जिन घरों में लारवा मिला है उन्हें नोटिस दिए गए हैं। वायरल फीवर भी चल रहा है। लोगों से सावधानी बरतने की अपील की है।

Save Water- Save Life, Save a tree- Don't print unless it's really necessary!

Disclaimer:- This is a media alert subject to verification.

Integrated Disease Surveillance Programme (IDSP), National Centre for Disease Control, Ministry Of Health & Family Welfare, Government of India

22-Sham Nath Marg, Delhi – 110 054

For more information please contact: Media Scanning & Verification Cell: - Phone (011)23946029

Email: - idsp-msc@nic.in, idsp-npo@nic.in

Join us on http://www.facebook.com/pages/Media-Scanning-Verification-Cell-IDSPNCDC/137297949672921

https://twitter.com/MSVC1